हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 6 जुलाई 2025
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

12 कौन सा सांप सबसे जहरीला? विद्यार्थियों ने कहाः ...



12 पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रति लोगों का ...



## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक चालक घायल

**महासमुंद।** एनएच 53 पर बाइक को मोड़ रहे एक बाइक सवार को कार ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। बसना पुलिस ने बताया कि शीशराम यादव मोटर सायकल होंडा ड्रीम नियो क्र सीजी 06 जीएम 1228 से एनएच53 रोड के पास मोड़ रहा था, तभी रायपुर की ओर से आ रही हुंडई वेन्यू कार क्रमांक सीजी 06 जीटी 7825 के चालक ने अपने वाहन को उपेक्षापूर्ण एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे शीशराम यादव मोटर सायकल सहित गिर गया और उसके सिर, चेहरा, कंधे एवं पैर के पास चोट आई है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 184 एमओटी, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### देशी प्लेन शराब जब्त दो आरोपी गिरफ्तार



**महासमुंद।** अवैध रूप से बिक्री के लिए देशी शराब ले जा रहे दो लोगों को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि सितली नाला शराब दुकान से दो व्यक्ति 04-04 पौवा करके देशी प्लेन शराब निकाल रहे हैं। इसके बाद मुखबिर के बताए स्थान बागबाहरा रोड बोरियाझर जाने पर एक मोटर सायकल चालक को रोककर पूछताछ की गई। बाइक चालक ने अपना नाम टिकेश सारथी पिता मोहन सारथी (22 वर्ष) निवासी वार्ड नंबर 11 नयापारा महासमुंद तथा पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम हर्षित साहू पिता मनोज साहू (19 वर्ष) निवासी वार्ड नंबर 11 नयापारा महासमुंद बताया। आरोपी के पास एक प्लास्टिक बोरी के अंदर 60 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 4800 रुपए बरामद किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया।

# अब तक नहीं बन पाई 68 हजार 739 विद्यार्थियों की अपार आईडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एक राष्ट्र एक छात्र की संकल्पना के साथ शुरु हुए अपार आईडी बनाने का कार्य एक साल से जारी है और अब तक जिले के सभी छात्रों की अपार आईडी नही बन पाई है। बता दे कि अब केवल तक 32 प्रतिशत छात्रों की आईडी नहीं बन पाई है। वहीं स्कूल खुलने के बाद से ही अपार आईडी बनाने का कार्य फिलहाल ठप है।

बता दें कि जिले में कुल 2239 स्कूल हैं। इसमें दो लाख 16 हजार 817 छात्रों की आईडी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक एक लाख 48 हजार छात्रों की आईडी बन पाई है। अभी भी 68 हजार 739 छात्रों की आईडी नहीं बनी है। कई छात्रों के आधार में नाम गलत होने और या अन्य कारणों आईडी नहीं बन पा रही है। पिछले साल अभियान चलाकर अपार आईडी बनाई गई, लेकिन अभी स्कूलों में यह कार्य धीमी गति से किया जा रहा है। अपार आईडी के 12 अंकों का कोड होता है, जो विद्यार्थियों के आधार से लिंक होता है। जिसका उपयोग छात्र प्रमाण-पत्रों को सुरक्षित रखने के लिए कर सकते हैं। अपार आईडी के लिए यू-डायस पोर्टल में जानकारी एकत्र की जा रही है। डीएमसी रेखराज शर्मा ने बताया कि अभी लगभग 68.30 प्रतिशत छात्रों की आईडी बनाई जा चुकी है। अपार आईडी बनाने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

## स्कूल खुलने के बाद से ही अपार आईडी बनाने का कार्य फिलहाल ठप

### महासमुंद विखं में सबसे ज्यादा बने

महासमुंद विकासखंड में कुल 459 स्कूल हैं। यहां 57885 कुल छात्र हैं। इसमें 44697 छात्रों की आईडी बनाई जा चुकी है। 77 प्रतिशत छात्रों की आईडी बन चुकी है। 23 प्रतिशत का बनना शेष है। सबसे कम आईडी सरायपाली विखं में बनाई गई है। यहां पर 444 स्कूल हैं। 35667 कुल छात्र हैं। 22454 का आईडी बनी है।



### छात्रों की डिजिटल पहचान बनाने की योजना

स्कूल के छात्रों की डिजिटल पहचान बनाने की योजना पर धीमी गति से कार्य किया जा रहा है। पूर्व में जिस तरह से अपार आईडी बनाने के लिए मुहिम चलाई गई थी, वह अब दिखाई नहीं दे रहा है। स्कूल खुले लगभग 20 दिन से हो चुके हैं।

## समस्या: ग्राम बम्हनी और चिंगरौद को जोड़ता है यह पुल, रास्ता भी खराब

# हर साल बाढ़ में बह जाता है पुल राहगीरों और छात्रों के लिए आफत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सितली नाला में बम्हनी और चिंगरौद गांव को जोड़ने वाला पुल हर साल बारिश में बह जाता है। बाढ़ के कारण हर साल होने वाले इस नुकसान के साथ इस मार्ग में हुए गड्ढे बरसात में राहगीरों और छात्रों के लिए मुसीबत का कारण बनते हैं। दरअसल, दोनों गांव के ग्रामीण सहित चिंगरौद से मुख्यालय की ओर आने वाले छात्रों को सड़क में बने गढ्ढों और इनमें भरा हुआ कीचड़ सहित गंदा पानी पैदल यात्रियों के लिए भी मुसीबत बना हुआ है। वहीं दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

जिला मुख्यालय से महज 10 किमी दूर बम्हनी-चिंगरौद सड़क पर बरसात के बाद फिर एक बार चलना दूभर हो गया है। वर्ष 2018 में बम्हनी से चिंगरौद कुल 1.60 किमी की सड़क 80 लाख की लागत से पीडब्लूडी द्वारा बनाई गई थी। जिसकी गारंटी अवधि तीन साल थी, जो 4 साल पहले ही बीत गई है। तब से आज तक यहां के ग्रामीणों ने कई बार विभाग सहित तात्कालीन विधायक से नई सड़क निर्माण की मांग की गई। पर, पिछले चार साल से विभाग केवल खानापूर्ति कर अपना पल्ला झाड़ रहा है, जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। यहां सुबह जहां एक ओर ग्रामीण खेती किसानी के लिए ट्रैक्टर और अन्य वाहनों से जर्जर हो चुके मार्ग से जाते है। वहीं अन्य राहगीर भी सड़क में हुए गड्ढों से बचते-बचते आवाजाही करते है।



### विधायक ने किया है आश्वस्त

चिंगरौद सरपंच छेरकू जलक्षत्री ने बताया नई सड़क निर्माण के लिए पूर्व सरपंच ने विभाग सहित तात्कालीन विधायक से मांग की थी पर कुछ नहीं हुआ। जर्जर सड़क में रोज छुट-पुट दुर्घटनाएं होती है। खासकर स्कूली बच्चों को परेशानी उठानी पड़ती है। एक सप्ताह पूर्व बम्हनी सरपंच रूपा घनश्याम ध्रुव और बरोंडा सरपंच लेखराम साहू के साथ विधायक योगेश्वर सिन्हा से मुलाकात कर नई सड़क निर्माण की मांग की। आश्वासन मिला है कि आश्वस्त किया कि मानसून के बाद सड़क निर्माण होगा।

### स्कूल जाने में होती है परेशानी, ड्रेस खराब होती है

बम्हनी में एकमात्र हायर सेकेंडरी स्कूल है। स्कूल के लिए चिंगरौद के बच्चे हर रोज इसी जर्जर हो चुके मार्ग से आवाजाही करते हैं। यहां से गुजर रही छात्राओं ने बताया कि बरसात के दिनों में जर्जर हो चुकी सड़क से आने-जाने में परेशानी होती है। बाइक और बड़े वाहनों के पहिए जैसे ही गढ्ढों में पड़ते हैं कीचड़ से ड्रेस खराब हो जाती है। कभी-कभी कपड़े खराब हो जाने के कारण घर वापस जाना पड़ता है तो कभी स्कूल पहुंचकर ड्रेस साफ करनी पड़ती है और गीली ड्रेस में पढ़ाई करने की मजबूरी हो जाती है। जर्जर सड़क के कारण हमारी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। सड़क निर्माण के लिए सरपंच को कई बार कहा गया है पर कुछ नहीं हो पा रहा है। अधिक बारिश होने से मार्ग पर बने पुल के ऊपर से पानी का बहाव भी तेज हो जाता है, जिससे स्कूल जाना बंद हो जाता है।

# 48 घंटे बाद मिला स्टॉप डैम के धंसने से लापता व्यक्ति का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्टॉप डैम के धंसने से लापता हुए व्यक्ति का शव 48 घंटे बाद मिला मृतक का शव घटनास्थल से करीब 3 किलोमीटर दूर मिला। सिंघोडा थाना क्षेत्र के रक्सा गांव में बने स्टॉप डेम के धंसने के बाद लाश पानी में बहकर पुल के पास पहुंच गया था। शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

गौरतलब है कि वह नाले पर बने स्टॉप डैम पर खड़ा था लेकिन, पानी के तेज बहाव और भीतरी रिसाव के चलते स्टॉप डैप का मुरूम अचानक अंदर धंस गया। मौके पर खड़ा शोभा राम मुरुम के साथ ही जमीन के अंदर धंस गया आस-पास मौजूद ग्रामीणों ने जैसे ही यह देखा उन्होंने अधेड़ को ढूंढने की कोशिश की लेकिन, वह नहीं दिखा। इसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी इसके बाद बीते दो दिनों से एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम के साथ स्थानीय प्रशासन का बड़ा अमला रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटा था। शोभाराम का शव पानी के तेज बहाव में बहकर 3 किमी दूर पहुंच गया, जिसे बचाव दल की टीमों ने उसे ढूंढ निकाला। सराईपाली एसडीएम नम्रता चौबे ने बताया कि मृतक की खोज के लिए लगातार गोताखोर, पोकलेन मशीन और अन्य संसाधनों का उपयोग किया गया पानी का बहाव इतना तेज था कि शव घटनास्थल से काफी दूर तक चला गया घटना के बाद गांव में शोक और सन्नाटा फैल गया है।



### तत्काल चला रेस्क्यू ऑपरेशन

घटना की सूचना मिलने के बाद सिंघोड़ा थाना पुलिस, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को मौके पर बुलाया गया। दो दिन तक लगातार सर्च अभियान चलाया गया। गोताखोरों, पोकलेन मशीन और अन्य संसाधनों की मदद से सघन खोजबीन की गई। अंततः शव डैम से लगभग 3 किलोमीटर दूर पुल के पास बरामद किया गया।

### प्रशासन ने की पुष्टि, गांव में पसरा शोक

सरायपाली एसडीएम नम्रता चौबे ने बताया कि पानी का बहाव काफी तेज था, जिससे शव काफी दूर चला गया था। शव मिलने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इस दर्दनाक घटना से गांव में शोक की लहर फैल गई है और परिजन सदमे में हैं।

# लिखित आश्वासन के बाद शिक्षक फेडरेशन की पदयात्रा स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन विकासखंड महासमुंद द्वारा घोषित पदयात्रा को लेकर ब्लॉक के शिक्षक पूरी तैयारी के साथ शनिवार को धरना स्थल लोहिया प्रांगण में एकत्र हुए। पदयात्रा से पूर्व एक सभा का आयोजन किया गया। जिसे संगठन के पदाधिकारियों ने संबोधित किया। पदयात्रा शुरू होने से पूर्व ही प्रशासन की तरफ से मांगों पर वार्ता करने के लिए संगठन को आमंत्रित किया।

संघ के प्रतिनिधिमंडल ने ईश्वर चंद्राकर प्रदेश सचिव, सिराज बक्श कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष , बीपी मेश्राम प्रदेश विधिक सलाहकार, बाबू लाल ध्रुव ब्लॉक अध्यक्ष, मुनिया निर्मलकर, रामेश्वरी साहू, पुरुषोत्तम चंद्राकर, फागू लाल पटेल के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी लहरे, डीएमसी रेखराज शर्मा, सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा से मांग पत्र के सभी बिंदुओं पर विस्तार के साथ चर्चा की गई। सभी मांगों पर जवाबदार अधिकारियों ने लिखित में संगठन को आश्वस्त कराया गया कि सभी मांग पर जांच उपरांत कार्रवाई की जाएगी तथा सोमवार को कलेक्टर के साथ पुनः इस विषय पर चर्चा की जाएगी। संगठन की मांगों पर सकारात्मक चर्चा होने पर संगठन ने अपनी आज की घोषित पदयात्रा को आगामी तिथि तक स्थगित किया है।



जारी बयान में ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल ध्रुव ने कहा कि प्रशासन ने हमारी मांग पर गंभीरता से सुना तथा लिखित में भरोसा दिलाया, तब हमारे संघ ने आज की पदयात्रा को स्थगित किया है। हमारी पदयात्रा स्थगित हुई है, समाप्त नहीं हुई है। अगर हमारी मांगों पर प्रशासन ने समय पर पूरा नहीं किया तो संगठन मजबूती के पुनः आंदोलन करेगा। प्रदेश सचिव ईश्वर चंद्राकर ने कहा कि आज संगठन के बुलावे पर आप सभी एकजुट हुए। अपने अधिकार की बात की, जिसका प्रभाव आप सभी ने देखा। एक अच्छी पहल हुई। प्रशासनिक अधिकारियों को संगठन से चर्चा करने के लिए विवश होना पड़ा, ये संगठन की बड़ी जीत है। शिक्षकों और मातृ शक्ति स्वरूपा शिक्षिकाओं की जीत है। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सिराज बक्श ने कहा कि संगठन एकता का यह फल है कि आज प्रशासन फेडरेशन की पदयात्रा से घबराया है और हमारी मांगों पर गंभीरता से विचार कर रहा है। यह जीत सिर्फ फेडरेशन की जीत नहीं, इस आंदोलन को जान फूंकने वाले तमाम सदस्यों की जीत है। फेडरेशन की मांग पर तीन मांगों पर जांच कमेटी सोमवार तक बन जाएगी, ऐसा लिखित में अफसरों ने डेलिगेशन टीम को दिया है। सभा को दिनेश नायक जिलाध्यक्ष फेडरेशन महासमुंद, टेकराम सेन ने भी संबोधित किया। पदयात्रा कार्यक्रम में शामिल होने बड़ी संख्या में शिक्षक जुटे थे, खास कर महिला शक्ति बड़ी संख्या मौजूद रही।

पदयात्रा में शामिल होने वाले मनोज राय ब्लॉक अध्यक्ष सरायपाली, तुलसी पटेल, प्रदीप पटेल, ब्लाक उपाध्यक्ष डीगेश पुरेना, आत्मा राम साहू, लव निर्मलकर, अजय बंजारे, पुरुषोत्तम चंद्राकर, फागू लाल, राजेश भालेराव, गोपाल साहू, केआर सोनवानी, बलराम नेताम, यश चक्रधारी, तारकेश्वर साहू, बसंत चंद्राकर, कैलाश साहू, रामनाथ यादव, नीलकंठ यादव, राहुल चौधरी, अक्षय साहू, रेखा कन्नौजे, सुनीता ध्रुव, देवकुमारी ध्रुव, कामिनी चंद्राकर, निहारिका चंद्राकर, ममता प्रधान, खेमिन टंडन, योगिता चंद्राकर, सीमा यादव, प्रियंका नागदेव, मेष कुमार गेंड्रे, राजू कंवर, हितेश चंद्राकर, मोहित चंद्राकर, पन्ना लाल नायक, देवकुमार खुटे, बृजेश दीवान, कुमार पहाड़िया, राम कुमार निषाद, हेमलता कोसरे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## समय बढ़ने से हितग्राहियों को मिली राहत, रोज लग रही भीड़

# इस माह के अंत तक राशन ले सकेंगे हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के राशन कार्ड हितग्राहियों को

- एक माह का और समय मिलने पर विक्रेताओं को भी राहत

राशन के लिए राहत की खबर है, क्योंकि तीन माह का राशन एक साथ वितरण की समय सीमा 7 जुलाई से बढ़ाकर पूरे माह के लिए कर दी गई है। बता दें कि जिले में जारी खरीफ सीजन की बोआई के चलते लोग राशन लेने के लिए चूक गए थे, उनको अब राहत मिलेगी। जून महीने में ही 3 महीने का राशन वितरण करने के निर्देश के बाद से जिले के सोसायटी संचालकों के साथ हितग्राहियों की समस्या बढ़ गई थी। लेकिन, अब राज्य शासन द्वारा राशन वितरण करने के लिए जुलाई महीने तक समय बढ़ाने के बाद सभी को राहत मिली है।





जून महीने में जिले के किसी भी सोसायटी द्वारा पूरे हितग्राहियों को राशन वितरण नहीं किया जा सका था, जिससे आमजन समयावधि बढ़ाने की मांग कर रहे थे। जून महीने में राशन वितरण का कार्य ना केवल राशन दुकान संचालकों के लिए परेशानी का सबब बन गया था, बल्कि हितग्राही भी इससे बेहद परेशान हो गए थे। राशन दुकान संचालक जहां मशीन के बार-बार बंद होने और नेटवर्क की समस्या से परेशान हो रहे थे, वहीं हितग्राही अपनी बारी का इंतजार करते हुए रोजाना दुकान का चक्कर लगाने मजबूर हो गए थे, 3 महीने का राशन एक साथ वितरण में हो रही दिक्कतों को देखते हुए शासन से समय बढ़ाने की मांग की जा रही थी, जिसके तहत शासन द्वारा अब 3 महीने का राशन वितरण करने के लिए 31 जुलाई तक का समय निर्धारित किया है। इसका हितग्राहियों ने स्वागत किया है।

### नई मशीन शुरू करने में ही गुजरा पहला पखवाड़ा

राशन वितरण का कार्य ऑनलाइन किया जा रहा है, जिसके लिए शासन द्वारा सभी दुकानदारों को पॉस मशीन दी गई है, लेकिन जून महीने से ही पुरानी मशीन को बदलकर दुकानदारों को नई मशीन प्रदान की गई है। बताया जा रहा कि दुकानदारों को नई मशीन बांटते और उसके कार्य समझते ही 15 जून निकल गया, जिसके बाद राशन वितरण प्रारंभ किया गया। इसमें भी हितग्राहियों को 3 माह का राशन बांटने के लिए हर महीने के हिसाब से अलग-अलग अंगूठा लगाना पड़ा। इससे एक हितग्राही को 3 बार अंगूठा लगाने के चलते समय अधिक लग रहा था जिससे 15 दिनों में सभी को राशन देना संभव नहीं हुआ।

# राष्ट्रीय रग्बी चैंपियनशिप के लिए चांदनी का चयन

## राष्ट्रीय रग्बी चैंपियनशिप देहरादून में शामिल होंगी जिले की चांदनी यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय रग्बी सेवन्स चैंपियनशिप 2025 का आयोजन देहरादून उत्तराखंड में 08 से 13 जुलाई तक आयोजित किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ की बालक एवं बालिका टीम शामिल होगी। महासमुंद जिले से चांदनी यादव पिता सुरेश यादव का चयन छत्तीसगढ़ की टीम में हुआ है।

चांदनी यादव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा की कक्षा 10वीं की छात्रा है, जो रग्बी खेल का अभ्यास व्यायाम शिक्षक इंद्राणी भास्कर के नेतृत्व में विद्यालय परिसर एवं मिनी स्टेडियम बेलसोंडा में करती हैं। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा में रग्बी खेल सामग्री प्रदाय किया गया है। जिसके माध्यम से खेल संचालित किया जा रहा हैं तथा खेल कौशल का विकास, खिलाड़ियों को बेहतर अभ्यास कराया जा रहा हैं। चांदनी का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता बिलासपुर में 22 जून को आयोजित किया गया था। जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने के आधार पर किया गया है। चांदनी के राष्ट्रीय चैंपियनशिप में चयन होने पर खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद, डॉ. अयाज़ अहमद खान, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिंहा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिना ढालेन, प्राचार्य शोभा सिंह देव, व्यायाम शिक्षक बेलसोंडा इंद्राणी भास्कर, समस्त बेलसोंडा स्टॉफ हेमलता ठाकुर, राजकुमारी पटेल, जगदीश सिंहा, रुक्मणि साहू, हेमराज साहू, अश्वनी शर्मा व डॉ. सुनील कुमार भोई व्यायाम शिक्षक ने हर्ष जताया है।



## खबर संक्षेप



### ग्रीन आर्मी का व्यापक वृक्षारोपण अभियान जारी

**रायपुर।** ग्रीन आर्मी संस्था द्वारा मानसून 2025 में शहरभर में व्यापक वृक्षारोपण अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। संस्था के सदस्यों द्वारा प्रत्येक सप्ताह विभिन्न जोन में पौधारोपण किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और रायपुर को स्वच्छ तथा हरा-भरा शहर बनाना है। संस्था ने इस मानसून सत्र में अब तक अनेक महत्वपूर्ण स्थानों पर सफलतापूर्वक वृक्षारोपण किया है। इनमें प्रमुख रूप से पुरैना मुक्तिधाम, अमलीडीह, तिरंगा तिराहा, हाईस्कूल पथरी, पं. रविशंकर विवि, आईटीआई, हिमालयन हाइट्स देवपुरी, जेएन पांडेय स्कूल, बैजनाथपारा, नीम कॉरिडोर, कबीर नगर टाटीबंध जोन, दुर्गा जैन धरसींवा स्कूल टाटीबंध में पौधे लगाए हैं। पौधरोपण के साथ-साथ, ग्रीन आर्मी इनकी उचित देखभाल पर भी विशेष ध्यान दे रही है। इसके तहत गड्ढे तैयार करने, तार फेंसिंग लगाने और लगाए गए पौधों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का कार्य भी लगातार जारी है, ताकि उनकी उत्तरजीविता दर अधिकतम हो सके। आगामी दिनों में सोनडोंगरी मुक्तिधाम में 10000 पौधे और देवपुरी डेंस फॉरेस्ट में 8000 पौधे लगाने की योजना है।

### जालसाजों को किराए पर दिया अकाउंट, आठ गिरफ्तार



**रायपुर।** शेयर ट्रेडिंग, डिजिटल अरेस्ट तथा अन्य प्रकार के झांसा देकर ठगी करने वाले ठगों को अकाउंट उपलब्ध कराने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। ठगों को अकाउंट उपलब्ध कराने के आरोप में पुलिस ने रायपुर निवासी राजेश तांडी, शब्बीर खान, अजय तांडी, गजेंद्र ध्रुव, जीतेश दास, किशोर छाबड़ा, सचिन लिल्हारे तथा अब्दुल गनी मेमन को गिरफ्तार किया है। रेंज साइबर पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी जालसाजों को किराए पर बैंक अकाउंट उपलब्ध कराते थे।

### जीपीएस चालू न करने के विवाद पर ड्राइवर को पीटा

**रायपुर।** माना थाने में एक बस ड्राइवर ने अपने बस मालिक के खिलाफ जीपीएस चालू नहीं करने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राहुल ट्रैवल्स के बस ड्राइवर साहिल साहू ने अपने मालिक साहिल यादव के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। बस ड्राइवर ने पुलिस को बताया कि वह पिछले महीने 28 जून को सवारी लेकर अंबिकापुर गया था। अंबिकापुर से 2 जुलाई को वापस लौटने के बाद ड्राइवर अपने मालिक से मिलने ऑफिस पहुंचा तो बस मालिक ने अपने ड्राइवर पर जीपीएस चालू नहीं करने का आरोप लगाते हुए उसकी बेल्ट से बुरी तरह से पिटाई की।

### 'फन फिएस्टा' में बच्चों ने दिखाया अपना हुनर

**रायपुर।** एमिटी इंटरनेशनल स्कूल नया रायपुर में शुक्रवार को बच्चों के लिए एक रंगारंग एवं उल्लासपूर्ण कार्यक्रम 'फन फिएस्टा' का आयोजन सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक विद्यालय परिसर में संपन्न हुआ, जिसमें रायपुर शहर के विभिन्न स्कूलों के 3 वर्ष और उससे अधिक आयुवर्ग के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों के लिए ड्राइंग, पेंटिंग, मजेदार खेलों और नृत्य जैसी कई रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनका उद्देश्य नन्हे प्रतिभागियों की कल्पनाशक्ति, अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करना था। रंगबिरंगी सजावट से सजाया गया था, सभी प्रतिभागियों के लिए यह दिन अविस्मरणीय बना गया था। यह आयोजन ऐमिटी ग्रुप ऑफ स्कूल्स की चेयरपर्सन डॉ. अमिता चौहान के दूरदर्शी नेतृत्व और उनके समग्र विकास के दृष्टिकोण का प्रतिफल था।

# आयुष्मान क्लेम की कटाई-छंटाई में टीपीए कंपनियों ने नहीं दिखाई दिलचस्पी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के क्लेम के ऑडिट के लिए टीपीए कंपनियों द्वारा दिलचस्पी नहीं दिखाए जाने की वजह से तीसरी बार निविदा की तारीख आगे बढ़ा दी गई है। नवा रायपुर में ऑफिस के लिए 80 डाक्टरों की फुलटाइम व्यवस्था का नियम ज्यादा खर्चीला पड़ रहा है। वहीं स्टेट नोडल एजेंसी के कार्यालय में प्रोसेसिंग ऑफिस बनाए जाने से अनावश्यक दखलंदाजी बढ़ने के अंदेशे से कई कंपनियां इसके लिए दिलचस्पी नहीं दिखा रहीं।

आयुष्मान योजनाओं में मरीजों के निशुल्क इलाज के बाद अस्पतालों से आने वाले क्लेम के ऑडिट का काम स्वास्थ्य संचालनालय की स्टेट नोडल एजेंसी थर्ड पार्टी एडमिनिस्ट्रेशन (टीपीए) द्वारा कराया जाता है। पिछले तीन महीने से आडिट का काम अटका हुआ है, क्योंकि पुरानी कंपनी का अनुबंध समाप्त हो चुका है और नयी कंपनी तय करने के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी ही नहीं हो पा रही है। सूत्रों का कहना है कि पूर्व में यह काम सिटी ऑफिस में पूरा हो जाता था और ऑडिट के लिए कम खर्च में ही एमबीबीएस के डाक्टर पार्ट टाइम जॉब के रूप में मिल जाते थे। नयी शर्तों के अनुसार टीपीए द्वारा प्रोसेसिंग का काम नवा रायपर स्थित स्टेट नोडल एजेंसी के कार्यालय से किया जाना है। इसके लिए अनुबंधित कंपनी को 80 डाक्टरों की व्यवस्था करनी पड़ेगी।

फुल टाइम सेवा की वजह से डाक्टरों की नियुक्ति के लिए ज्यादा वेतन खर्च करना पड़ेगा। इसके अलावा दूसरी बड़ी बात एसएनए के कैंपस में ऑडिट होने से अनावश्यक रूप से अफसरों की दखलंदाजी की आशंका है। इसकी वजह से टीपीए कंपनियां इस टेंडर प्रक्रिया में शामिल होने से पीछे हट रही हैं और आयुष्मान योजना के आने वाले क्लेम के ऑडिट का काम पूरा नहीं हो पा रहा है। इस बार की टेंडर प्रक्रिया में केवल दो एजेंसी के शामिल होने की वजह से तीसरी बार ज्यादा कंपनियों की भागीदारी की आस में तारीख बढ़ा दी गई है।

## नवा रायपुर में ऑफिस, 80 डाक्टरों की फुलटाइम व्यवस्था का नियम ज्यादा खर्चीला

खास खबर

### 29 मई से शुरू हुई प्रक्रिया

जानकारी के अनुसार शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के प्रोसेसिंग कार्य के लिए राज्य की नोडल एजेंसी ने 29 मई 2025 को निविदा जारी की थी। इसमें टेंडर भरने की अंतिम तिथि 19 जून और टेंडर ओपन होने की तारीख 23 जून तय की गई थी। तकनीकी कारणों का हवाला देकर टेंडर ओपन करने की तारीख 28 जून तक बढ़ाई गई और इसी दिन निविदा खोलना तय किया गया था, जिसे 30 जून किया गया। टेंडर में केवल दो कंपनियों द्वारा भागीदारी निभाने की वजह से अब निविदा की तिथि पुनः बढ़ाकर 21 जुलाई कर दी गई है।




- एसएनए कार्यालय में प्रोसेसिंग ऑफिस से दखल बढ़ने का अंदेशा, कई कंपनियां पीछे हटीं
- तीसरी बार बढ़ाई निविदा की तारीख

*फंसे हुए हैं आठ सौ करोड़ : इधर अस्पताल से जुड़े सूत्रों का कहना है कि क्लेम ऑडिट नहीं होने की वजह से निजी अस्पतालों को भी राशि का सही तरीके से भुगतान नहीं हो पा रहा है। ऑडिट की प्रक्रिया में अस्पतालों के करीब आठ सौ करोड़ रुपये अटके हुए हैं। इसकी वजह से कई अस्पतालों की परेशानी बढ़ रही है। इस संबंध में चिकित्सकीय संगठन भी आयुष्मान स्वास्थ्य योजना से जुड़े अफसरों से मुलाकात कर चुके हैं।*

# किसान, जवान, संविधान जनसभा को सफल बनाने बागबाहरा में जुटी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

- खल्लारी विधानसभा क्षेत्र से 1000 से अधिक कार्यकर्ता जाएंगे रायपुर, तैयारियों को लेकर हुई अहम बैठक

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की गरिमामयी उपस्थिति में 7 जुलाई को रायपुर में आयोजित होने वाली किसान-जवान-संविधान जनसभा को ऐतिहासिक बनाने कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी ताकत से जुट गए हैं। इसी कड़ी में खल्लारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शनिवार 05 जुलाई को एक अहम बैठक हुई।

बागबाहरा का विश्रामगृह में हुई यह बैठक में कार्यक्रम प्रभारी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महासचिव विनोद तिवारी, खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, जनपद पंचायत बागबाहरा अध्यक्ष केशव चंद्राकर तथा नगरपालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल की उपस्थिति रही। बैठक के दौरान रायपुर में होने वाली जनसभा में खल्लारी विधानसभा से 1000 से अधिक कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस एवं अन्य प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि यह जनसभा केवल एक राजनीतिक आयोजन नहीं, बल्कि किसानों, जवानों और संविधान की रक्षा का संकल्प है। भाजपा की कथित जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस अब आर-पार की लड़ाई के मूड में है, और यह जनसभा उसकी पहली धमक होगी। विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि डबल इंजन सरकार की नीतियों से किसान बेहाल हैं, युवाओं को रोजगार नहीं, और संवैधानिक संस्थाओं पर लगातार हमला हो रहा है। ऐसे समय में पूरे देश को एकजुट होकर आवाज़ बुलंद करनी होगी, और रायपुर की यह सभा उसके लिए मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम प्रभारी विनोद तिवारी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि खल्लारी विधानसभा की उपस्थिति इस जनसभा में सबसे प्रभावशाली होनी चाहिए। सभी कार्यकर्ताओं को समय पर रवाना करने, वाहनों की व्यवस्था और अनुशासन बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। वहीं जनसभा की तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया, और सभी ने इसे ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

बैठक में शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रवि निषाद, कोमाखान खान कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संतोष पटेल, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवेश साहू, युवा कांग्रेस अध्यक्ष ताम्रध्वज बघेल, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष दुर्गा सागर, सफी मोहम्मद, मनोहर ठाकुर, रिंकू चंद्राकर, रामलाल सिन्हा, मुबारक खान,मनमीत सलूजा, हरिशंकर यादव, चंदूलाल साहू, शिव जगत, मंता यादव, राजेश ठाकुर, मिथुन अमीर, लेख राम दीवान, पोखराज साहू, खोमेश साहू, कमल साहू फूल सिंह ध्रुव, रीना यादव, योगेश बघेल, एडिसन ठाकुर, सुनील व्यवहार लोकेश उईके, अंजोर ठाकुर, लोकेश दीवान, गौरव जानी चंद्राकर, रेखराज पटेल, रमेश ठाकुर सहित कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण, जनप्रतिनिधिगण परस्थित रहे।

# जिला भाजपा कार्यालय में मनाया गया सांसद रूपकुमारी का जन्मदिन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

5 जुलाई को जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा शहर मण्डल के द्वारा महासमुन्द लोकसभा की सांसद रूपकुमारी चौधरीं का जन्मदिन मिष्ठान वितरण कर हर्षोल्लास से भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू और भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में मनाया गया। जिला कार्यालय में सांसद रूपकुमारी चौधरीं और पूर्व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुजाता विश्वनाथन, वरिष्ठ भाजपा नेत्री सुनीता देवांगन का भी जन्मदिन कार्यकर्ताओ द्वारा मनाया गया।

5 जुलाई को सांसद रूपकुमारी चौधरीं के बाहर प्रवास के दौरान उनकी अनुपस्थिति मनाए गए जन्मदिन के अवसर पर जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने भाजपा जिला महासमुन्द के सभी कार्यकर्ताओं की तरफ से सांसद को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि महासमुंन्द लोकसभा की प्रथम महिला सांसद रूपकुमारी चौधरीं के नेतृत्व में इस क्षेत्र की विकास के लिए केंद्र की भाजपा सरकार में हम सभी को शसक्त स्थानीय नेतृत्व मिला है। जन्मदिन के अवसर पर सभी मातृ शक्तियों के सुखमय मंगलमय जीवन की कामना करते है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा पदाधिकारी राहुल चंद्राकर, मीना वर्मा, अग्रज शर्मा, आनंद साहू, सूर्यप्रताप सिंह, हिमांशु चंद्राकर, राकेश श्रीवास्तव, एमआर विश्वनाथन, मोहन साहू, पवन साहू, लीलेश सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# वित्त मंत्री चौधरी ने जीओएम की बैठक में जीएसटी सुधारों पर रखा ठोस विजन, बोगस पंजीयन व फर्जी बिलों पर हो सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देशभर में जीएसटी राजस्व संग्रहण को और अधिक पारदर्शी, तकनीक-सक्षम और प्रभावी बनाने के लिए गठित मंत्रियों के समूह (जीओएम) की बैठक शुक्रवार को दिल्ली में हुई। इस बैठक में छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने राज्य के अनुभव साझा किए और बोगस व्यवसायियों पर सख्त कार्रवाई, पंजीयन प्रक्रिया में आधुनिक तकनीक के प्रयोग तथा फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट पर रोकथाम के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। इस समूह का संयोजन गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद पी. सावंत कर रहे हैं।

बैठक में छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बतौर सदस्य भागीदारी की और राज्य के अनुभव एवं नीतिगत सुझाव साझा किए। बैठक का मुख्य उद्देश्य राजस्व संग्रहण में आ रही चुनौतियों का आकलन कर व्यापक समाधान तलाशना था। इस दौरान देश के विभिन्न राज्यों के वित्त मंत्रियों ने अपने-अपने राज्यों में जीएसटी के राजस्व पर पड़ने वाले आर्थिक व अन्य कारकों का विस्तार से विश्लेषण किया। इस अवसर पर श्री चौधरी ने छत्तीसगढ़ में एंटी इवेजन और अनुपालन के क्षेत्र में की गई पहलों की जानकारी दी।




### इस तरह बढ़ा छत्तीसगढ़ में राजस्व संग्रह

श्री चौधरी ने बताया कि कर अपवंचन रोकने और वास्तविक करदाताओं को सहूलियत देने के लिए छत्तीसगढ़ में डाटा एनालिटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित टूल्स का सघन उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से राज्य के राजस्व में उल्लेखनीय बढ़ोतरी संभव हुई है। बैठक में बीफा, जीएसटी प्राइम और ई-वे बिल पोर्टल जैसी अत्याधुनिक प्रणालियों के प्रजेंटेशन भी हुए। श्री चौधरी ने सुझाव दिया कि इन नवाचारों को पूरे देश में समान रूप से लागू करने से बोगस व्यवसायियों की पहचान और कार्यवाही में तेजी लाई जा सकेगी।

### फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट रोकने की जरूरत

छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ने विशेष रूप से फर्जी बिलों पर नियंत्रण, फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट की रोकथाम, तथा पंजीकरण की प्रक्रिया में पारदर्शिता के लिए केंद्रीयकृत डिजिटल तंत्र के विकास पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इन उपायों से न केवल राजस्व बढ़ेगा बल्कि करदाताओं में विश्वास भी बढ़ेगा। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जीएसटी कलेक्शन के संदर्भ में राज्य स्तर पर नियमित समीक्षा और डेटा आधारित निर्णय प्रक्रियाओं ने सकारात्मक परिणाम दिए हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का अनुभव अन्य राज्यों के लिए उपयोगी मॉडल बन सकता है।

### राज्यों को करना होगा साझा प्रयास

वित्त मंत्री ने कहा कि सभी राज्यों को मिलकर साझा प्रयास करने चाहिए ताकि जीएसटी राजस्व संग्रहण में स्थायित्व एवं वृद्धि सुनिश्चित हो सके। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मंत्रियों के समूह द्वारा सुझाए गए उपायों को जीएसटी परिषद शीघ्र लागू करेगी। उन्होंने कहा कि यह बैठक जीएसटी परिषद के समक्ष व्यापक सुधारात्मक प्रस्ताव रखने के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी, जिससे भारत में कर प्रशासन और राजस्व संग्रहण को नई दिशा मिलेगी।

# सांसद बृजमोहन बोले- छत्तीसगढ़ ऊर्जा और खनिज संपदा की भी रीढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, छत्तीसगढ़ केवल धान का कटोरा ही नहीं, बल्कि खनिज संपदा का भी धनी प्रदेश है, जो देश की ऊर्जा व औद्योगिक आवश्यकताओं की रीढ़ है। हैदराबाद में कोयला तथा खान मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की बैठक में उन्होंने भाग लिया।

श्री अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ में खनिज क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं और संभावनाओं को पूरे तथ्यात्मक रूप में सामने रखा। श्री अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कई खदानें बंद पड़ी हैं, जो जन-जीवन के लिए खतरा बनी हुई हैं। उन्होंने मांग की परित्यक्त खदानों की घेराबंदी कर उन्हें फ्लाई ऐश व ओवरबर्डन से भरा जाए ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। श्री अग्रवाल ने कोयले की चोरी को गंभीर समस्या बताया और हर खदान में डेटा निगरानी प्रणाली स्थापित करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा, खनन क्षेत्रों में वृक्षारोपण को अनिवार्य किया जाए ताकि वनों की क्षति की भरपाई हो सके। हर खदान क्षेत्र में स्कूल, आईटीआई, कोचिंग सेंटर, अस्पताल, एवं जल शोधन संयंत्र जैसी बुनियादी सुविधाएं होनी चाहिए। कोयला सलाहकार समिति के सदस्यों को पेट्रोलियम क्षेत्र की तर्ज पर सीएसआर फंड का लाभ दिया जाए, जिससे वे क्षेत्रीय विकास में अधिक सक्रिय भूमिका निभा सकें। बैठक के दूसरे सत्र में उन्होंने छत्तीसगढ़ में खनिज अन्वेषण की दिशा में गंभीर प्रयासों की आवश्यकता जताई। श्री अग्रवाल ने बताया कि, गरियाबंद जिले के पायलीखंड क्षेत्र को दुनिया की सबसे समृद्ध हीरा खदानों में माना जाता है। जशपुर जिले के तुमला गांव में भी हीरे के भंडार मौजूद हैं। राज्य में प्राकृतिक हीरे, अलेक्जेंड्राइट, गार्नेट, बेरिल, क्वार्ट्ज़, एमेथिस्ट जैसे बहुमूल्य रत्न पाए जाते हैं। साथ ही राज्य में लीथियम और अन्य खनिज भंडार की प्रबल संभावना है।

### हैदराबाद में कोयला तथा खान मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की बैठक में हुए शामिल





## जिले में मेडी गुरु का नवाचार, हर गुरुवार ऑनलाइन उन्मुखीकरण

# हेल्थ सेंटरों के डाक्टरों को गुरुग्राम के रक्त रोग विशेषज्ञ से मिल रहा जीत का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में एनीमिया के खिलाफ चल रही जंग में शामिल शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों के डाक्टरों को फोर्टिस हास्पिटल गुरुग्राम के रक्त रोग विशेषज्ञ सफल होने के लिए रक्त विकारों के नवीनतम नैदानिक एवं उपचार प्रोटोकॉल के जरिए जीत का मंत्र दे रहे हैं।

रायपुर जिले में मेडी गुरु की नयी योजना की शुरुआत की गई है। कलेक्टर गौरव सिंह के निर्देश पर जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी के नेतृत्व में रक्त रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राहुल भार्गव प्रत्येक गुरुवार को दोपहर तीन से चार बजे तक जिले के समस्त शासकीय संस्थाओं में कार्यरत मेडिकल ऑफिसर का ऑनलाइन उन्मुखीकरण किया जा रहा है। इसका उद्देश्य एनीमिया का समय अनुरूप सही पहचान कर रोकथाम किया जाना है। गुरुवार को इस स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया भी ऑनलाइन प्रशिक्षण में जुड़ कर एनीमिया का समय अनुरूप सही पहचान कर उचित प्रबंधन के सभी चिकित्सकों को निर्देश दिए। उन्होंने इस उन्मुखीकरण पहल के लिए डॉ. भार्गव की सराहना की। सीएमएचओ डॉ. चौधरी ने बताया कि एनीमिया एक ऐसी स्थिति है जिसमें शरीर की लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या सामान्य से कम हो जाती है एवं शरीर के विभिन्न अंगों में ऑक्सीजन की सप्लाई प्रभावित होती है। परिणाम स्वरुप पीड़ित व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। गंभीर स्थिति में यह जीवन के लिए खतरा भी हो सकता है। आयरन की कमी, किडनी रोग, कैंसर, यकृत के विकार एनीमिया मुख्यतः कारण होते हैं साथ ही अपर्याप्त आहार, पोषण तत्वों के अपर्याप्त अवशोषण, विटामिन बी-12, विटामिन बी-9 की कमी, मलेरिया जैसे संक्रमण अनुवांशिक रक्त विकार जैसे सिकल सेल, थैलेसीमिया भी एनीमिया का कारण हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि साप्ताहिक सत्र जिले में एनीमिया के दुष्प्रभाव को कम कर सरकारी डॉक्टरों को कुशलता प्रदाय कर, उनकी दक्षताओं को बढ़ाने में मददगार साबित होगा, जो की एनीमिया मुक्त छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ने में एक कारगर कदम होगा।




**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बसना, जिला महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

क्रमांक/29/अ.वि.अ./ भू.व्यप./ 2025
बसना, दिनांक 13 जून 2025

आवेदक चुम्मन पटेल पिता साहनी पटेल व अन्य 01 निवासी ग्राम भंवरपुर तहसील बसना जिला महासमुन्द (छ.ग.) के द्वारा ग्राम भंवरपुर प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. बसना तहसील बसना स्थित भूमि ख.नं. 1680/1 रकबा 0.40हे भूमि को भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-172 के तहत कृषि मद से भिन्न व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बी-1, खसरा, नक्शा, सीमांकन रिपोर्ट एवं ग्राम पंचायत भंवरपुर के अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका/आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक- 07/07/2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक- 13/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
(रा.)बसना

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बसना, जिला महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

क्रमांक/34/अ.वि.अ./ भू.व्यप./ 2025
बसना, दिनांक 13 जून 2025

आवेदक चुम्मन पटेल पिता साहनी पटेल व अन्य 01 निवासी ग्राम भंवरपुर तहसील बसना जिला महासमुन्द (छ.ग.) के द्वारा ग्राम भंवरपुर प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. बसना तहसील बसना स्थित भूमि ख.नं. 585/1 रकबा 0.36हे. भूमि को भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-172 के तहत कृषि मद से भिन्न व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बी-1, खसरा, नक्शा, सीमांकन रिपोर्ट एवं ग्राम पंचायत भंवरपुर के अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका/आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 07/07/2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।आज दिनांक- 13/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
(रा.)बसना

**खबर संक्षेप**



## पेंशनर्स एसोसिएशन की हुई मासिक बैठक

**बागबाहरा।** पेंशनर्स एसोसिएशन बागबाहरा की मासिक बैठक कर्मचारी भवन बागबाहरा में हुई। आयोजन की शुरुआत मां सरस्वती पूजा अर्चना वंदना के साथ हुई। जिसमें संगठन के कार्यों के प्रति सभी सदस्यों ने निष्ठा व्यक्ति किया एवं नये सदस्यों का सम्मान करते हुए सदस्यता ग्रहण कराया गया। सदस्यों की समस्या पर समीक्षा करते हुए समाधान करने का प्रयास किया गया। साथ ही आयुर्वेदिक डॉ केके दीवान एवं उसके टीम द्वारा पेंशनरों का जांच किया गया एवं आयुर्वेदिक दवाओं का वितरण किया गया एवं अपने जीवन में कैसे सतर्कता बरतें, कि हम मौसमी बीमारियों से बच सके जानकारी दी गई। इस बैठक में भैयाराम चंद्राकर अध्यक्ष, श्रीवास कर संरक्षक, जीडी मानिकपुरी सचिव, राजेंद्र होता कोषाध्यक्ष, भीम सेन चंद्राकर, दिलीप सेन, डा अशोक चंद्राकर, संजय शर्मा, आरके सिंग, श्याम सुंदर, उल्लास दास,ओसराम साहू, वासुदेव भाले, कौशल साहू, परदेशी राम बरिहा, नोहर सिंह साहू, गजानंद चंद्राकर, झड़ीराम साहू, तुलसिग दीवान एवं समस्त पेंशनर्स साथी उपस्थित रहे।

## बलौदा के आधार सेवा केंद्र नही होंगे बंद, कलेक्टर के आश्वासन से ग्रामीणों में हर्ष

**सरायपाली।** विकासखंड के ग्राम पंचायत बलौदा क्षेत्र के प्रतिनिधियों द्वारा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के जनदर्शन कार्यक्रम में आधार सेवा केंद्र बंद होने की समस्या के विषय पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। जिसमें कलेक्टर द्वारा पूर्ण रूप से आश्वासन दिया गया कि बलौदा क्षेत्र में 50 से 60 गांव के जनहित के लिए यह आधार सेवा केंद्र यथावत रूप से संचालित होगी, जहां क्षेत्र के निवासियों के लिए आधार से संबंधित सभी कार्य सुचारू रूप से चलेगी। जिससे क्षेत्र जनता में हर्ष का माहौल है। इस मुलाकात कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बलौदा के सरपंच प्रतिनिधि एवं उपसरपंच सरोज सेठ, पंच संजय दास, सुरेश नाग, विदूषक बाग, सुशांत यादव, सूरत सेठ, शंखनाद यादव, वंशज नाग, हारून, भोजराज राणा, अमित भाई, मनीष सवैया उपस्थित रहे।

## झूठा प्रकरण दर्ज कराने वालों पर काउंटर केस बनाने डायोसिस की मांग

**रायपुर।** सिविल लाइन थाने में झूठा केस दर्ज कराने वालों के खिलाफ काउंटर प्रकरण दर्ज करने की मांग अब तूल पकड़ने लगी है। छत्तीसगढ़ डायोसिस बोर्ड ऑफ एजुकेशन की अध्यक्ष द राइट रेव्ह सुषमा कुमार, उपाध्यक्ष रेव्ह समीर फ्रैंकलीन, प्रवक्ता डीकन मनशीश केजू ने बताया कि पुरानी कार्यकारिणी द्वारा 19 जून को सिविल लाइन थाने में झूठा प्रकरण दर्ज कराते हुए डायोसिस बोर्ड ऑफ एजूकेशन से जुड़े दो प्रमुख स्कूलों की साख धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

# पावस के प्रतीक बादल, बारिश, बिजली और कृषि को लेकर साहित्य की उड़ी फुहार

## पिथौरा में श्रृंखला साहित्य मंच पिथौरा द्वारा पावस काव्य गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

गत दिनों गायत्री शक्तिपीठ परिसर पिथौरा में श्रृंखला साहित्य मंच पिथौरा द्वारा पावस काव्य गोष्ठी हुई। सायं 6 बजे से 9 बजे तक चले इस काव्य गोष्ठी में श्रृंखला साहित्य मंच के कवियों ने जहां पावस के प्रतीक बादल, बारिश, बिजली, पानी, एवं कृषि के प्रतिकों को लेकर अपनी सरस रचनाओं से श्रोताओं को साहित्य की फुहारों का आनंद प्रदान किया, वहां अन्य विषयों पर भी हास्य और व्यंग्य सहित अनेक सरस रचनाएं प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध कवि स्वराज्य करुण कर रहे थे एवं संचालन श्रृंखला सहित के अध्यक्ष प्रवीण 'प्रवाह' ने किया।

श्रृंखला साहित्य मंच पिथौरा की होनहार कवियित्री गुरप्रीत कौर ने अपनी एक खूबसूरत नई कविता से गोष्ठी की शुरुआत की। उनकी इन पंक्तियों की श्रोताओं ने खूब सराहना की- वारिद भी नमी समेटे अंबर के साए में, मस्त हो के उड़ रहे हैं, नमी बढ़ जाए तो बूंदों को बरसने देना चाहिए। वरिष्ठ कवि अनूप दीक्षित ने अपनी कुंडलियों से समां बांधा। बारिश और किसान का अटूट रिश्ता है। किसानों पर अनूप दीक्षित की ये पंक्तियां देखिए - पावस के आगमन से हर्षित हुआ किसान, दादुर भी करने लगे खुश होकर गुणगान, खुश होकर गुणगान मोर मस्ती में झूमे, बादल से गिरकर पानी धरती को चूमे। अध्यक्ष की आसंदी से बारिश के बादलों पर कवि स्वराज्य 'करुण' ने अपनी सत्तर अस्सी के दशक की एक पुरानी रचना सुनाई जिसे खूब वाहवाही मिली- नभ में तैर रहे हैं देखो टुकड़े-टुकड़े बादल, हिप्पी जैसे बाल बढ़ाए बिखरे बिखरे बादल, घर-बार नहीं है इनका ये निरंतर चलते राही हैं लगते हैं शरणागत जैसे उजड़े उजड़े बादल।





सुपरिचित कवि प्रवीण प्रवाह ने नए प्रतीकों की उत्कृष्ट रचनाओं से गोष्ठी को ऊंचाई दी। प्रवीण 'प्रवाह' की ये पंक्तियां देखिए- कोमलता स्थापित हो मानव के मन में, चिंतन से बाहर आ जाएं सारे पत्थर। पत्थर में भी कोमलता के भाव जगा दूँ, सोच रहा हूँ हर पत्थर के पंख लगा दूं। कवि बंटी छत्तीसगढ़िया ने छत्तीसगढ़ी में हास्य व्यंग की अनेक रचनाएं सुनाईं। उनकी इन पंक्तियों ने खूब तालियां बटोरीं- बाबू के दाईं रिसाए हवस ओ, थोथना ला काबर ओरमाए हावस ओ, मेला जाए के तोला साध धरे है, काबर तैं झगरा मताए हावस ओ। पत्रकार कवि संतोष गुप्ता ने अपनी छोटी छोटी कविताओं से खूब प्रभावित किया। बानगी देखिए- धरती को जल, अंबर को मेघ मिल गया धरती में बीजों को मिट्टी का स्नेह मिल गया, नन्हे नन्हे पौधों को मिल गई खुशियाँ, हरे भरे वृक्षों को पवन का संग मिल गया। श्रृंखला के वरिष्ठ कवि एफ ए नंद ने अपनी क्षणिकाओं से श्रोताओं की वाहवाही हासिल की। उनकी ये पंक्तियां काबिले तारीफ थीं-बादल गरजे बिजली चमके, पानी बरसे झम झम झम, बादल गरजे मयूरा नाचे, कांवड़िया बोले बम बम बम। अंचल के सुपरिचित हस्ताक्षर एसके नीरज ने बारिश पर एक खूबसूरत रचना सुनाई। उनकी इन पंक्तियों को खूब सराहना मिली- बर्षा की बूंदें पावनी,झर झर पड़े फुहार, दादुर मोर चकोर का,मन भावन उपहार। मेघा स्वाति देखकर,चातक भाव विभोर, तड़प मिटी उसकी तभी,बरसे मेह घनघोर। कवियत्री सरोज साव ने अपनी कविताओं से श्रोताओं का दिल जीता। उनकी ये पंक्तियां देखिए-चौमासा वर्षा कल पावस रितु बारिश, सारे नाम तुम्हारा और कितने रूप हैं सारे, पावस प्रकृति के पल्लवित होने का आधार, बिना इसके सारे मौसम होते हैं निराधार। इस अवसर पर गायत्री मंदिर के पुजारी सुरेंद्र साहू ने भी काव्य पाठ किया।

गोष्ठी के अंत में श्रृंखला के वरिष्ठ साहित्यकार उमेश दीक्षित ने पावस काव्य गोष्ठी की सार्थकता पर प्रकाश डालते हुए रचनाकारों को श्रेष्ठ रचना पाठ के लिए बधाई दी। आभार प्रदर्शन गायत्री शक्तिपीठ पिथौरा के प्रमुख संचालक तुकाराम पटेल ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सर्व सुरेंद्र साहू, नरेश नायक, भोज राज साहू, राम ललन सिंह एवं समस्त गायत्री परिवार का सहयोग सराहनीय रहा।

## रोष: पालकों ने कहा-सप्ताह भर में पहल नही हुई तो होगा उग्र आंदोलन

# सेनानियों ने जहां शिक्षा पाई उस स्कूल के मर्ज किए जाने का विरोध जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्राथमिक शाला खट्टी, जहां कई स्वतंत्रता सेनानियों ने शिक्षा ग्रहण की। इस शाला को युक्तियुक्तकरण के तहत पूमा शाला में मर्ज किए जाने का विरोध लगातार जारी है। शुक्रवार को छात्रों और पालकों ने मर्ज किए जाने की खिलाफत की और नारेबाजी करते हुए मुख्यद्वार के सामने बैठकर सामूहिक बहिष्कार किया ।



बता दें कि इस प्राथमिक शाला को मर्ज किए जाने के बाद स्कूल लगने के पहले ही दिन पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर व अन्य कांग्रेस नेताओं ने स्कूल के सामने धरना देकर शाला का ऐतिहासिक महत्व बताते हुए नियम विरूद्ध मर्ज किए जाने के आदेश को वापस लिए जाने की मांग की थी। तब ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने मांग से उच्च अधिकारियों को अवगत कराने की बात कही थी। बावजूद इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### सेनानियों को श्रद्धांजलि दे विभाग

शुक्रवार को बहिष्कार के दौरान पालकों ने कहा कि शिक्षा विभाग इस शाला को मर्जीकरण से मुक्त कर देश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि दें। ताकि, आने वाली पीढ़ी को यह संदेश दिया जा सके कि यह वह ऐतिहासिक विद्यालय है, जहां से शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चों ने आजादी की लड़ाई में अपनी भूमिका निभाई।

### नियमों को ताक में रखने का आरोप

पालक समिति अध्यक्ष प्रेमलाल साहू ने कहा कि शासन की मंशा तथा नियमों के विरूद्ध जाकर अधिकारियों ने मनमानी रवैया अपनाते हुए ऐतिहासिक शाला को मर्ज कर दिया है। जबकि, नियमों के विपरीत खट्टी कन्या शाला का संचालन विगत कई वर्ष से हो रहा है। बच्चों, की संख्या को ध्यान में रखते हुए शालाओं का मर्जीकरण करना चाहिए था गांव की मिडिल स्कूल, कन्या शाला और ब्लॉक मिडिल शाला को एक करना था। ऐतिहासिक स्कूल को मर्जीकरण के दायरे से बाहर रखना चाहिए था। लेकिन, शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने सारे नियमों को ताक पर रखकर ऐतिहासिक शाला को ही मर्ज कर दिया।

### इतिहास बचाने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

शाला बहिष्कार की जानकारी मिलते ही बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, एबीओ हीना ढालन तथा एबीओ तारीका कुंजाम मौके पर पहुँच पालकों से इस बारे में विस्तार से चर्चा की तथा संपूर्ण जानकारी उच्च कार्यालय में देकर उचित पहल करने का आश्वासन दिया। आश्वासन के बाद पालकों ने बहिष्कार समाप्त किया। लेकिन, चेतावनी दी है कि यदि इस विषय में सप्ताहभर में पहल नहीं की गई तो स्कूल का इतिहास बचाने उग्र आंदोलन होगा।

## सांसद के जन्मदिवस पर कन्या आश्रम में हुए विविध आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी के जन्मदिवस पर एक प्रेरणास्पद सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं समर्थकों की उपस्थिति में यह आयोजन अनुसूचित जाति कन्या आश्रम पिथौरा में हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत आश्रम परिसर में फलदार एवं छायादार पौधों के रोपण से हुई, जिसका उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण था, बल्कि यह समाज में हरित चेतना को प्रोत्साहित करने का भी संदेश था। पश्चात आश्रम में निवासरत बालिकाओं को शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। सादगीपूर्ण और सौहार्द्र से परिपूर्ण इस क्षण ने बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। आयोजन के समापन बच्चों के लिए विशेष रूप से आयोजित स्वरुचि भोज के साथ हुआ। बच्चों ने उल्लासपूर्वक भोज में भाग लिया और आयोजन को यादगार बनाया।

इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने सांसद रूपकुमारी चौधरी के सेवाभावी एवं जनकल्याणकारी व्यक्तित्व की प्रशंसा करते हुए उनके दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और सतत सामाजिक सक्रियता की मंगलकामना की। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद, पार्षद मन्नूलाल ठाकुर, नरेश सिंघल, मनमीत सिंह छाबड़ा, दुलीकेशन साहू, पार्षद संदीप सेन, संतोष डड़सेना, पुष्पकांत पटेल, रामकुंवर सिन्हा, रामचंद्र सिन्हा, मनमोहन जैन, किशोर पटेल, राजेश चौधरी, शंभुशंकर मिश्रा, पप्पू चौधरी, रामेश्वर डड़सेना, देव प्रजापति, प्रतीक बोस, हेमंत जाधव, आदिम जाति कल्याण विभाग खंड प्रभारी कमलेश ठाकुर, अधीक्षिका कल्पना चंद्राकर एवं समस्त स्टाफ, पालकगण सहित कन्या आश्रम की छात्राएं उपस्थित थी।

# प्राचार्य पदोन्नति पर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने जताया हर्ष

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ प्रांतीय इकाई एवं जिला इकाई ने 12 वर्षों पर 2798 शिक्षकों के प्राचार्य पदोन्नति पर हर्ष व्यक्त किया है। संगठन ने उच्च न्यायालय एवं छत्तीसगढ़ सरकार का आभार माना है। प्रमुख संगठन मंत्री ओंकार सिंह ठाकुर, प्रांताध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी, उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन ने बताया कि 12 वर्षों से प्राचार्य पदोन्नति की बाट जोहते शिक्षकों को हाईकोर्ट से स्टे हटते ही खुशियां मिली है। इस ऐतिहासिक निर्णय से स्कूलों में शिक्षा गुणवत्ता सुधरेगी और अनुशासन भी दिखेगा।

उन्होंने बताया कि 2013 के बाद राज्य में प्राचार्य पदोन्नति नहीं हुई थी। लगभग 90 प्रतिशत से अधिक हाई स्कूल प्राचार्य विहिन थे, सैकड़ों योग्यताधारी शिक्षक पदोन्नति की राह देखते हुए सेवानिवृत्ति हो चुके हैं और कई साथी मृत भी हो चुके हैं। वर्तमान सरकार आते ही संगठन ने सार्थक चर्चा करते हुये प्राचार्य पदोन्नति की मांग को प्रमुखता से उठाया था। वर्षों बाद मिली पदोन्नति से शिक्षकों में खुशी का लहर है। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार एवं माननीय मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संवेदनशील सरकार ने प्राचार्य पदोन्नति में संवेदनशीलता का परिचय दिया है। संघ ने यह मांग की है कि पदस्थापना में पारदर्शी व्यवस्था का पालन करते हुये पदस्थापना दी जाए एवं तत्संबंध में सरकार को सुझाव भी प्रेषित किया है। साथ ही वर्षों से एससीईआर टीबीएड कालेज, डाइट बीटीआई में कार्यरत व्याख्याताओं को उन्हीं संस्थानों में पदस्थापना देने की मांग की है। प्राचार्य पदोन्नति के लिए महासमुंद जिला की ओर से जिला संगठन मंत्री राजेंद्र इंगोले, जिला अध्यक्ष राजेश चंद्राकर, अविनाश लाल, डोमन सिंह टंडन, रोहिणी देवांगन, पीरित पटेल, किशोर कुमार रथ, ज्योतिष चौधरी, मानिक लाल साहू, भगोलीराम साहू, भागवत जगत, लता वैष्णव, आशा साहू सहित जिला एवं विकासखंड इकाई ने हर्ष व्यक्त किया है।

# मोदी सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर आतंकियों के ठिकाने ध्वस्त किए : सरला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

- मोदी सरकार के 11 साल सुशासन के अन्तर्गत ग्राम चौपाल व पौधारोपण

सरायपाली भाजपा मंडल के शक्ति केंद्र बानीगिरोला में मोदी सरकार के 11 साल सुशासन के अंतर्गत ग्राम चौपाल एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सरला कोसरिया प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राज्य महिला आयोग सदस्य, त्रिलोचन पटेल पूर्व विधायक एवं विशिष्ट अतिथि राजेंद्र नायक प्रदेश उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा, अनंत पटेल सोसायटी अध्यक्ष उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता श्रीमती केसरिया ने ग्रामवासियों को मोदी सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मोदी सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर चला कर आतंकियों के ठिकाने को ध्वस्त किया। पिछले 11 साल में भारत की अर्थव्यवस्था 10 वे नंबर से 4थे नंबर पर आ गई। मुख्य वक्ता पटेल ने मोदी सरकार के 11 साल की उपलब्धि को बताते हुए कहा कि आज भारत आत्मनिर्भर बन रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान बन रहे है। मोदी सरकार के 11 साल में देश का आर्थिक विकास तेज हुआ है। आमजन का जीवन स्तर में सुधार हुआ है।

वक्ता राजेंद्र नायक ने बताया कि मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजनाओं के द्वारा सभी को पक्का मकान मिल रहा है। कार्यक्रम में विदित धनानिया मंडल महामंत्री, शिव चरण पटेल जनपद सदस्य प्रतिनिधि, भुनेश्वर मानिकपुरी सरपंच प्रतिनिधि, शिवनाथ पटेल, केदार पटेल पंच, टेकराम पटेल पंच, लोकनाथ पटेल समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# किसानों की कमर तोड़ रही सरकार की नीतियां: द्वारिकाधीश

## खल्लारी सहकारी समिति का घेराव: किसानों के हितों की अनदेखी पर कांग्रेस का तीखा विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी क्षेत्र में रासायनिक खाद डीएपी, यूरिया और बीज संकट से जूझ रहे किसानों की आवाज बनकर, ग्रामीण कांग्रेस कमेटी बागबाहरा ने खल्लारी सहकारी समिति का घेराव कर भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों पर कड़ा प्रहार किया। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि राज्य की डबल इंजन सरकार किसानों को बर्बाद करने पर तुली है।

विधायक यादव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में किसानों ने समिति पहुंचकर डीएपी, यूरिया और प्रमाणित बीजों की भारी कमी को लेकर प्रदर्शन किया। पश्चात राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर तत्काल समाधान की मांग की गई। विधायक यादव ने सभा को संबोधित करते हुए सरकार की कृषि विरोधी मानसिकता पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पहले रबी सीजन में बिजली की जबरदस्त कटौती कर किसानों की फसल चौपट कर दी गई। फिर खरीफ सीजन में उन्हें खाद बीज के लिए बाजार में दर-दर भटकने को मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वर्ष 2024-25 के दौरान खरीदे गये धान को सरकार ने ऐसे वक्त पर जानबूझकर नीलाम कर दिया जिस वक्त किसानों के रबी फसल का धन मार्केट पहुंचा था, जिससे बाजार में धान की कीमतों में भारी गिरावट आई और किसानों को भारी घाटा उठाना पड़ा।

वर्तमान खरीफ सत्र में सरकार द्वारा समय पर खाद उपलब्ध न कराने के कारण किसान 700 से 800 प्रति बोरी अधिक कीमत देकर बाजार से खाद खरीद रहे हैं। इससे किसान भारी कर्ज में डूब रहे हैं। विधायक यादव ने चेताया कि यदि यही स्थिति रही तो किसान अपनी जमीनें बेचने पर मजबूर हो जाएंगे।

### ज्ञापन में की गई प्रमुख मांगें

खल्लारी समिति में खाद और बीज की आपूर्ति तुरंत बहाल की जाए, डीएपी, यूरिया व प्रमाणित बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, खाद की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई की जाए, किसानों से उचित समर्थन मूल्य पर उपज की खरीदी की गारंटी दी जाए।

इस दौरान ब्लॉक प्रभारी प्रदीप चंद्राकर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि निषाद,सेवादल के जिला संयोजक नितिन बनर्जी, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष दुर्गासागर, बसंता ठाकुर, सेवाराम साहू, विष्णु महानंद चंद्रहास साहू, चंदूलाल साहू, सविता गोस्वामी तारेश साहू, बलराम ध्रुव, चंद्रकला जांगड़े, जयंतीलाल चंद्राकर, कोमल महानंद, नंदकुमार निषाद, ओमप्रकाश निषाद, चयन कौशिक, राहुल बंछोर, राजेश सोनी, माखन सोन,राहुल कुलदीप इत्यादि नेताओं ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर सेतराम बघेल ,फिरोज़ मेमन समीम खान, सफी मोहम्मद, लोकेश दीवान बड़ा खान, राजेश सिन्हा, रीमा यादव, मानकी निषाद, राधा दीवान, योगेंद्र चक्रधारी, गुमान चक्रधारी, पवन, हीरामन दीवान, चैतूराम, शांतिलाल, खेलन ठाकुर, उपेंद्र दीवान, कामता दीवान,उमेश मिश्रा राजेश सिन्हा आदि मौजूद रहे।

# फॉर्च्यून नेत्रहीन उमावि करमापटपर में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



**बागबाहरा।** फॉर्च्यून नेत्रहीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करमापटपर बागबाहरा खुर्द में शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम ग्राम सरपंच गोवर्धन पटेल के मुख्य आतिथ्य, संगीतकार रामप्रवेश पारकर के विशेष आतिथ्य, निरंजन साहू डायरेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

सर्वप्रथम भगवान सत्यनारायण की पूजा एवं कथा का आयोजन ,कथा समाप्ति पश्चात मां सरस्वती की पूजा संपन्न हुई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को नए स्कूल ड्रेस। एवं ब्रेल किट का वितरण कर विधिवत शाला प्रवेश दिया गया। मुख्य अतिथि गोवर्धन पटेल ने अपने संबोधन में शाला की उत्तरोत्तर उन्नति की कामना करते हुए ग्रामवासियों द्वारा प्रारंभ में स्कूल स्थापना के लिए दिए गए सहयोग तथा प्रेरणा का उल्लेख किया। प्रसन्नता के साथ कहा कि आज इस स्कूल के छात्र राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संस्था एवं क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। संगीतकार रामप्रवेश पारकर ने सभी छात्र छात्राओं को अच्छे से पढ़कर आगे बढ़ने हेतु शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था के डायरेक्टर निरंजन साहू ने कहा कि ग्राम ग्रामवासियों के निरंतर सहयोग स्कूल को बढ़ाने के लिए मिलता है। उनकी ऊर्जा एवं प्रेरणा से स्कूल निरंतर आगे बढ़ रहा है। शाला प्रवेशोत्सव में रश्मि साहू, भूमिका, पुष्पलता पटेल, लक्ष्मी प्रिया साहू, वर्षा चक्रधारी, ललिता नागेश, धनेश्वरी नागेश, देवकी यादव की सक्रिय भागीदारी एवं पीजी कॉलेज मचेवा के छात्रों की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप



### आंगनबाड़ी में मनाया गया सुपोषण चौपाल

**महासमुंद**। शहर के वार्ड क्रमांक 26 पंचशील नगर क्लब पारा के आंगनबाडी में सुपोषण चौपाल के अंतर्गत बच्चों का प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर वार्ड में मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद पीयूष अमृत साहू तथा भाजपा शहर मंडल आईटी सेल के शरद राव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता किरत सोनी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को कुपोषण से बचाना है और उन्हें स्वस्थ जीवन शैली के लिए प्रेरित करना है। पार्षद साहू ने प्रवेश लेने वाले बच्चों की आरती कर और खीर खिलाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में शकुंतला साहू, राधिका साहू, उषा मरावी, फुलेश्वरी साहू, मनीषा थानेकर, निकिता गोस्वामी, ऐमीन सिन्हा, पायल आदि मौजूद रहे।

### व्यापारियों को सिक्का वितरण

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के तत्वावधान में व्यापारियों को सिक्का वितरण किया गया। पिछले कुछ महीने से व्यापारियों को चिल्लर की किल्लत के कारण व्यापार में दिक्कत हो रही थी। जिसे चैंबर ने संज्ञान में लिया और भारतीय स्टेट बैंक से बात कर सिक्का वितरण की योजना बनाई गई और सभी के सहयोग से चिल्हर वितरण किया गया।


## निधन

### देवेन्द्र ठाकुर



**नर्रा**। ग्राम उखरा निवासी देवेंद्र कुमार ठाकुर (35) का 4 जुलाई शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंत्येष्टि कार्यक्रम में समाज के अलावा अन्य लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### भंवरलाल राठी



**महासमुंद**। माहेश्वरी समाज के प्रतिष्ठित नागरिक व वार्ड क्र. 5 न या पा रा निवासी भंवर लाल राठी (79) का शनिवार की सुबह निधन हो गया। वे बृजमोहन एवं संतोष राठी के पिता थे। शाम को अंतिम संस्कार राजामठ में किया गया। जिसमें समाजजन एवं शहर के लोग उपस्थित रहे।

## पहल : खैरटकला स्कूल में विज्ञान सभा का जागरुकता कार्यक्रम

# कौन सा सांप सबसे जहरीला? विद्यार्थियों ने कहा: कोबरा, विज्ञान सभा ने बताया करैत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान (पटपरपाली)



छत्तीसगढ़ उड़ीसा सीमा पर दुरस्त जंगल क्षेत्र के शासकीय मिडिल स्कूल, प्राथमिक विद्यालय खैरटकला एवं शाला विकास प्रबंधन समिति के सदस्यों को बरसात के दिनों में सर्प दंश से होने वाली मौतों की संख्या में कमी लाने किए जा रहे जागरुकता अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के अध्यक्ष, सेवानिवृत अपर कलेक्टर विश्वास मेश्राम ने सांपों के बारे में बच्चों को रोचक जानकारी दी। वहीं शासकीय मिडिल स्कूल कसेकेरा के प्रधान अध्यापक डा विजय शर्मा प्रधान पाठक ने पर्यावरण संरक्षण तथा जैव विविधता के बारे में जानकारी दी।

विज्ञान सभा के विश्वास मेश्राम ने सांपों की विभिन्न प्रजातियों के बारे में बताया कि सांपों को मोटे तौर पर दो श्रेणियों में बांट सकते हैं। पहला विषहीन एवं दूसरा विषैला। आगे उन्होंने चार प्रकार के विषैले सांपों के लक्षण, व्यवहार, अनुकूलन, काटने के कारण और तरीके के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि करैत सांप का जहर न्यूरोटॉक्सिक होता है और यह नाग सांप के जहर से भी ज्यादा जहरीला होता है। उन्होंने सांपों से सुरक्षा के उपाय जैसे घर के आसपास कूड़ा करकट न रखने, जमीन में न सोने, रात में जूते पहन कर चलने, अंधेरे में टार्च का प्रयोग करने, रात को रास्तों पर डंडा पटक कर चलने, फूल पैंट एवं फूल आस्तीन वाले कमीजे पहनने के लिए आगाह किया। उन्होंने बताया कि यदि किसी को जहरीला सांप काट ले तो हमें तत्काल चार पहिए वाहन से अस्पताल पहुंचाना चाहिए अथवा 108 नंबर पर फोन कर एंबुलेंस बुलवाना चाहिए। मरीज की हिम्मत बढ़ाने, उसे ज्यादा हिलाने डुलाने से मना करते हुए मरीज को बाइक में सफर कराने से मना किया कि इससे जहर फैलने का खतरा बढ़ जाता है। अवैज्ञानिक विधियों जैसे झाड़ फूंक के चक्कर में समय नहीं गंवा कर जितना जल्दी हो चार पहिया वाहन या एंबुलेंस से अस्पताल में पहुंचाने से मरीज को बचाया जा सकता है। जहां उसे डाक्टरों की निगरानी में एंटी स्नेक वेनम का टीका लगाकर मरीज की जान बचाई जा सकती है। प्रतिवर्ष भारत में लगभग 50 हजार लोग सर्प के काटने से मरते है। हम सब सर्पदंश रोकने के लिए जागरूकता फैला कर इन मौतों की संख्या में कमी कर सकते है।

प्रधान अध्यापक डॉ विजय शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण एवं जैव विविधता संरक्षण के लिए मिडिल स्कूल कसेकेरा के योगदान पर चर्चा करते हुए कसेकेरा पहाड़ी पर किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों से प्रकृति को बचाने प्रति विद्यार्थी एक वृक्ष का वृक्षारोपण कर उसकी सुरक्षा करने का आह्वान किया। शासकीय मिडिल स्कूल खैरट कला की प्रधान पाठिका गंगा ध्रुव ने छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा द्वारा किए जा रहे सर्पदंश के बारे में जागरुकता अभियान की सराहना करते हुए सभी ग्रामवासियों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। विशेष सहयोग प्रमोद चंद्राकर, कमलेश बारीक़, यादराम ध्रुव, के आर ठाकुर, एवं संचालन उपेंद्र ठाकुर ने किया।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रति लोगों का बढ़ा रुझान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

सौर ऊर्जा क्रो बढ़ावा देने तथा नवीनीकृत ऊर्जा के प्रति लोगों जागरूक करने के लिए शुरु की गई प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रति लोगों का रुझान अब बढ़ने लगा है। लोग अपने घरों में सौर पैनल लगाकर न सिर्फ बिजली पैदा कर रहे हैं, बल्कि बिजली बेचकर पैसा भी कमाने लगे हैं। इस योजना का लाभ ग्रामीण भी लेने लगे हैं। ग्राम बंसुलीडीह निवासी धर्मेंद्र पटेल ने बताया कि उन्होंने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अपने सागरपाली स्थित मकान की छत में 3 किलोवाट तथा बंसुलीडीह स्थित मकान में 5 किलोवाट का सोलर पैनल लगवाया। उन्होंने बताया कि सागर सागरपाली स्थित मकान में लगे सोलर पैनल से करीब 17 यूनिट बिजली उत्पादन हो रही थी और उनका खपत करीब 24 यूनिट था। बदली के कारण से इन दिनों 5 यूनिट बिजली का उत्पादन हो रहा है। लेकिन, खपत भी घटकर 5 यूनिट ही रह गया। इस प्रकार से जितनी खपत उतनी ही बिजली पैदा हो रही है। इसलिए बिजली बिल का भुगतान नहीं करना पड़ रहा है। अब बिजली बिल भगतान की परेशानी से मुक्ति मिलने के साथ ही आर्थिक लाभ भी हो रही है।

## विधायक सिन्हा कराएंगे सावन में महारुद्राभिषेक एवं हवन-पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

श्रावण मास में महारूद्राभिषेक का आयोजन विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा विगत 9 वर्षों से किया जा रहा है। इसी तारतम्य में 10वें वर्ष में शुक्रवार 11 जुलाई से श्रावण मास की शुरुआत से एक माह का महारूद्राभिषेक एवं हवन-पूजन कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। इसकी तैयारियां जारी है। एक माह तक चलने वाले इस महारूद्राभिषेक में अलग-अलग स्थानों से आए पुरोहितों द्वारा रूद्राभिषेक तथा महामृत्युंजय का जाप-अनुष्ठान कराया जाएगा।

**रुद्राक्ष वितरण भी होगा**

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महारूद्राभिषेक एवं हवन-पूजन के दौरान रुद्राक्ष का वितरण किया जाएगा। श्रावण सोमवार के दिन 14 जुलाई, 21 जुलाई, 28 जुलाई और 4 अगस्त को रुद्राक्ष वितरण किया जाएगा। श्रद्धालुगण श्रावण के पवित्र मास में आयोजित महारूद्राभिषेक एवं हवन-पूजन में शामिल होकर पुण्यलाभ प्राप्त कर सकते हैं।

इस बार श्रावण मास 11 जुलाई से शुरू हो रहा है। इसी दिन से महारूद्राभिषेक शुरू होगा, जो लगातार एक माह तक चलेगा। 09 अगस्त को श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन इसका समापन होगा। हर साल की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुचेंगे। इसके लिए जोर-शोर से तैयारियां चल रही है। महारूद्राभिषेक वाले स्थान में विशाल पंडाल तैयार हो गया है। इस बड़े पंडाल में सैकड़ों श्रद्धालु एक साथ महारूद्राभिषेक कर सकेंगे।

## शासकीय हाईस्कूल रेमड़ा परिसर में किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

एक पेड़ मां के नाम थीम पर पिथौरा और बसना विकासखंड के सरहद पर बसे शासकीय हाई स्कूल रेमड़ा प्रांगण में सरपंच चांदनी पटेल, उपसरपंच, पंचगण एवं ग्रामीणजनों की उपस्थिति में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर पटेल द्वारा ट्री गार्ड प्रदान करने की घोषणा की गई। साथ ही पूर्व घोषित सांस्कृतिक मंच निर्माण का शुभारंभ किया गया।

इस एक पृथ्वी एक कार्यक्रम के अवसर पर संस्था के प्राचार्य वीरेंद्र कुमार साहू ने अपने संबोधन में कहा कि पौधारोपण का बहुत महत्व है, यह पर्यावरण और मानव जीवन दोनों के लिए आवश्यक है। पौधारोपण से कार्बनडाई ऑक्साइड अवशोषण पश्चात वायु शुद्ध होती है, जलवायु परिवर्तन कम होता है, मिट्टी का कटाव रुकता है, और



वन्यजीवों को आवास मिलता है, जिससे जैव विविधता बढ़ती है। पौधारोपण न केवल पर्यावरण के लिए बल्कि मानव जीवन के लिए भी आवश्यक है। विद्यालय परिवार वन परिक्षेत्र बसना, सामान्य वनमंडल महासमुंद का विशेष धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने हमें सुलभता से विभिन्न प्रजाति के पौधे प्रदान किए। पौधारोपण पश्चात सरपंच के प्रथम आगमन पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का एक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें सोहन पटेल ने विद्यालयीन समस्याओं के निराकरण की घोषणा की। साथ ही विद्यालय की किसी भी कार्य के लिए तत्पर रहने की बात कही। समन्वयक हेमसागर बगर्ती ने शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए तात्कालिक बुक स्कैनिंग जल्द करने के लिए निर्देश किया। कार्यक्रम में खगेश्वर पंडा (व्याख्याता) एवं ओपी साव का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर पांच सुरेश विशाल, मधुसूदन सिदार, उपसरपंच राजेश प्रधान, सुभाष धराई, समन्वयक हेमसागर बगर्ती, रामरतन भोई, हेमसिंग सिदार, अशोक कुमार साहू, आशा शर्मा, रोशनी प्रधान, लोकेश कुमार कुर्रे, पल्लवी शर्मा, रेखा थानापति, सुषमा प्रधान, विष्णुचरण पटेल, धनीराम बरिहा आदि मौजूद रहे।

# बच्चों के अपार आईडी एवं जाति प्रमाण पत्र के लिए अभियान चलाने पर दिया जोर

**महासमुंद**। विकासखंड स्त्रोत केंद्र महासमुंद में विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में एपीसी डीएन जांगड़े, विद्या साहू, सहायक विखं शिक्षा अधिकारी तारिका कुंजाम, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, नोडल अधिकारी साक्षर भारत ईश्वर चंद्राकर सहित सभी संकुल समन्वयक उपस्थित रहे। बैठक एपीसी विद्या साहू ने कहा कि आईसीटी केंद्र एवं स्मार्ट क्लास में कार्यरत शिक्षक विद्यालयों में कंप्यूटर एवं लैपटॉप का समुचित उपयोग करना सुनिश्चित करें। सभी बच्चों के अपार आईडी बने, जाति प्रमाण पत्र के लिए अभियान चलाया जाए। एपीसी डीएन जांगड़े ने कहा कि कोई भी दिव्यांग बच्चा विद्यालय प्रवेश से वंचित न रहे। शासन की सभी योजनाओं का लाभ विद्यार्थियों तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है। बैठक के मुख्य वक्ता रेखराज शर्मा (डीएमसी) ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय को आदर्श स्कूल बनाने की दिशा में कार्य किया जाए। आदर्श विद्यालयों में भौतिक संसाधन, प्रेरक वातावरण, मानवीय संसाधन, समितियों का गठन, व्यवस्थित अध्यापन, किचन गार्डन, पालक-शिक्षक संवाद और एल्यूमिनी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक संकुल में दो स्कूल मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किए जाएं, जहां संकुल बैठकें आयोजित कर अन्य शिक्षकों को प्रेरित किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालयों में समय-सारणी, पाठ्यक्रम पंजी, विद्यार्थी विकास सूचकांक जैसे अभिलेख अद्यतन रखे जाएं। प्राप्त सभी पुस्तक के प्रथम और अंतिम पृष्ठ में स्कूल का सील लगाकर उचित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी तारिका कुंजाम ने कहा कि नवभारत साक्षरता मिशन के अंतर्गत नए निरक्षरों की पहचान सर्वे टीम के माध्यम से की जाएगी। उपरांत गांव के पढ़े-लिखे नागरिकों को स्वयंसेवी शिक्षक के रूप में प्रेरित किया जाएगा। विकासखंड नोडल अधिकारी साक्षर भारत ईश्वर चंद्राकर ने बताया कि यदि कक्षा 10वीं या 12वीं के विद्यार्थी स्वयं शिक्षण का दायित्व निभाए।

## साहित्यिक एवं शैक्षिक पत्रिका बुनियाद का हुआ विमोचन



**महासमुंद**। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में साहित्यिक एवं शैक्षिक पत्रिका का विमोचन निवृत्तमान प्राचार्य मीना पाणिग्राही के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर पाणिग्राही ने कहा कि शैक्षिक पत्रिका बुनियाद डाइट की कार्यकुशलता एवं जिला के शैक्षिक गतिविधियों का दर्पण है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ सदस्य अरुण प्रधान के मार्गदर्शन एवं संपादक टेकराम सेन के कुशल संपादकीय में संपन्न हुआ है, जो अत्यंत सराहनीय है। पत्रिका में जिले के उत्कृष्ट विद्यालयों, नवाचार एवं डाइट के गतिविधियों का उल्लेख से नई रोशनी का संचार होगा। वरिष्ठ व्याख्याता उमादेवी शर्मा, राजेश चंद्राकर, संतोष कुमार साहू ने कहा कि शैक्षिक पत्रिका के प्रकाशन से एवं रचनाओं को स्थान मिलने पर छात्राध्यापकों में हर्ष व्याप्त है। उक्त जानकारी डाइट की ओर से ईश्वर चंद्राकर ने दी है।

## शैक्षणिक एवं रिसर्च के लिए समझौता ज्ञापन पर हुए हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, जैव तकनीक विभाग एवं शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद के मध्य रिसर्च प्लेसमेंट जैसे 16 बिंदुओं पर मेमोरेंडम का अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर हुए। इस अवसर पर सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ श्वेतालाना नागल ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय की जीवविज्ञान की छात्राओं को रिसर्च एक्सचेंज प्रोग्राम के अंतर्गत जीव विज्ञान के क्षेत्र में लघु शोध कार्यक्रम, इंटर्नशिप ट्रेनिंग, रिसर्च पब्लिकेशन गाइडेंस के साथ कौशल विकास कार्यक्रम, प्लेसमेंट जैसी गतिविधियों में सहयोग प्राप्त होगा, जिससे महासमुंद क्षेत्र की छात्रों को लाभ प्राप्त होगा। इसी कार्यक्रम के तहत इस वर्ष एनईपी 2020 एमएससी सूक्ष्म जीव विज्ञान की 12 छात्राओं का समूह जैवतकनीक विभाग में अपनी समर इंटर्नशिप की शुरुआत करने जा रही है, जिसमें छात्राएं टिशु कल्चर, पीसीआर द्वारा डीएनए एंप्लीफिकेशन, ट्रांसपोर्टेशन रिकंबाइनेंट डीएनए की जांच जैसी महत्वपूर्ण तकनीक का प्रयोगिक प्रशिक्षण डॉ नागेंद्र चंद्रवंशी एवं उनकी रिसर्च टीम से प्राप्त करेंगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एसबी कुमार ने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सच्चिदानंद शुक्ला एवं जैव तकनीक विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर केशव कांत साहू को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस समझौते से महासमुंद क्षेत्र की छात्राओं को विज्ञान के क्षेत्र में नए अवसर प्रदान करेगा। इस समझौते के लिए माता कर्मा महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ सरस्वती वर्मा, डॉ मनोज कुमार, ओम प्रकाश पटेल, अरविंद साहू खगेश्वर प्रसाद, वंदना यादव, कविता गहिर एवं छात्राओं ने हर्ष व्यक्त किया।

## वेडनर मेमोरियल स्कूल में छात्र संघ का गठन, श्रेयल व कोमल बने शाला नायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र संघ का गठन किया गया। शाला के मैनेजर रेव्ह. फादर जार्ज कवालम के सानिध्य में शाला के प्राचार्य रेव्ह. फादर देवानंद बाघ द्वारा इन्हें अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का भली भांति निर्वहन करने, सजगता पूर्वक कार्य करने तथा हमेशा अनुशासन में रहकर कार्य करने की शपथ दिलाई गई। छात्र संघ के गठन के तहत सर्वप्रथम शाला नायक एवं उपशाला नायिका का चयन किया गया।

शाला नायक श्रेयल चंद्राकर, शाला नायिका कोमल चंद्राकर, उपशाला नायक शौर्य शर्मा, उप नायिका आर्या सोनी को पदाधिकारी बनने का गौरव प्राप्त हुआ। किसी भी क्षेत्र में अनुशासन के साथ-साथ योग्य नेतृत्वकर्ता का होना अति आवश्यक है।

खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए भावेश चंद्राकर एवं मान्या बघेल को खेल प्रभारी एवं सांस्कृतिक प्रभारी श्रुति चंद्राकर एवं पार्थ साहू चयनित किए गए। अनुशासन प्रभारी मनीष खूंटे, रौनक कृष्णानी, वत्सल डडसेना, आहना महानंद, प्रीति कोसले, ख्याति यदु, ट्रैफिक वार्डन में आदित्य सरवैया, गौरव चंद्राकर, डालेश पटेल, सौम्या साहू, मंशा साहू एवं जय लक्ष्मी साहू चुने गए। इसी क्रम में छात्र-छात्राओं के हाऊस कप्तान एवं उपकप्तान का भी चयन किया गया। जिसमें ब्लू हाऊस कप्तान राजवीर बजाज, भव्य चंद्राकर, प्रेरणा सिंन्हा, परिधि सूचक, उपकप्तान पार्थ चंद्राकर, होमी यादव ग्रीन हाऊस कप्तान प्रतीक इसरानी, गौरव चौधरी, मौली यादव, काजल कुमारी उपकप्तान जयेश चंद्राकर, पारुल महानंद रेड हाऊस कप्तान धैर्य देवांगन, रौनक चंद्राकर, आकृति चंद्राकर, गुरबानी कौर, उपकप्तान मानस वैद्य, रिद्धिमा साहू, यलो हाऊस कप्तान देवेंद्र साहू, श्रेयांश चंद्राकर, प्राची गुप्ता, सभ्या पाटिल, उप कप्तान मोहम्मद सैफ अली, स्नेहा सिंहा चयनित किए गए। हाउस मास्टर एवं हाउस मिस्ट्रेस भी चुने गए। पदाधिकारियों के चयन पर शाला के मैनेजर एवं प्राचार्य सहित समस्त शिक्षकों ने हर्ष जताया। मंच का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी प्रदीप्ति चांडक एवं खेल प्रभारी छन्नू लाल साहू ने किया।

# सेवानिवृत्ति पर समारोह के साथ दी गई मीना को विदाई, कार्यक्रमों की हुई प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में सेवानिवृत्ति पर डाइट प्राचार्य मीना पाणिग्राही को प्राचार्य अरुण प्रधान के मार्गदर्शन एवं साहित्यिक सांस्कृतिक प्रभारी व्याख्याता टेकराम सेन के संयोजन में आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विदाई दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य अरुण प्रधान ने कहा कि पाणिग्राही निर्विघ्न एवं कुशलतापूर्वक 37 वर्षों के सेवा के उपरान्तएं लगातार 22 वर्षों तक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में कार्य करते हुए सेवानिवृत्त हो रही है। उनके शिक्षा के क्षेत्र में योगदान एवं प्रशंसनीय कार्यों को सदैव स्मरण किया जाएगा। वरिष्ठ व्याख्याता उमा देवी शर्मा, राजेश चंद्राकर एवं प्रकाश प्रधान ने कहा कि मीना पाणिग्राही एक कुशल प्रशासक एक साथ साथ एक आदर्श शिक्षक के रुप में अपना जीवन समर्पण किया है, वे ममता एवं सहानुभूति की प्रतिमूर्ति रही है। इस अवसर पर डाइट के छात्राध्यापकों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए उनके उन्हें विदाई दी। छात्राध्यापक जसवंत सिदार, राकेश ध्रुव, किशन साहू, किरण ध्रुव, ज्योति, आरजू बानो, भूमिका चौहान, पवन ध्रुव, अमृत सिदार, लिखन साहू, दीपिका नंदा, मीना ठाकुर, गुंजा साहू, तनूजा, माधुरी, निकिता के संयोजन में सामहिक नृत्य एवं छग दर्शन पर आधारित कार्यक्रमों ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं तनुजा ध्रुव के क्लासिकल नृत्य ने खूब तालियां बटोरी। इसी प्रकार संपूर्ण छात्र परिषद द्वारा मीना पाणिग्राही को सम्मानित किया गया।



अकादमिक एवं कार्यालयीन सदस्यों की ओर से व्याख्याता संतोष साहू, टेकराम सेन, कमलेश पांडेय, सुमन दीवान, किरण कन्नौजे, दुर्गा सिन्हा, तिलोतमा प्रधान, ईश्वर चंद्राकर, झरना साहू, सुनील साहू, सुनील मरकाम, सुषेण दीवान, आकांक्षा साहू, योगेंद्र पांडे, प्रदीप साहू, राधा साहू, गरिमा सिंह राजपूत, मीना साहू, तरुण चंद्राकर, हीरामन साहू, अजय, उजित सभी ने एक स्वर में कहा कि मीना पाणिग्राही अत्यंत सौम्य सरल एवं सहज होकर अपने संपूर्ण दायित्व का निर्वहन करते हुए सेवानिवृत्त हो रही हैं। हम उनके बताये मार्गों का अनुशरण करेंगे। इस अवसर पर सभी ने अपना अनुभव गीत, कविता के माध्यम से व्यक्त करते हुए उन्हें सम्मानित किया। संस्थान के व्याख्याता टेकराम सेन द्वारा उनके संपूर्ण जीवन चरित्र को छत्तीसगढ़ी कविता में पिरोकर प्रस्तुत किया, जिसे सभी ने खूब सराहा। इस अवसर पर लक्ष्मीकांत पाणिग्राही, पूर्व मुख्य प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक, सब्यसांची पाणिग्राही, सौम्यता, बिट्ठल सहित उनके परिवार के सदस्य व छात्राध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता टेकराम सेन व आभार प्रदर्शन उमादेवी शर्मा ने किया।

